# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक 28.09.2023**

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन स्माइल' के तहत गुमशुदा बच्चे को परिजनों को सुपुर्द कर लौटाई खुशियां।**
- **थाना मूसानगर पुलिस द्वारा जनपद हमीरपुर से भटक कर कानपुर देहात आये बच्चे को परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।**
- **परिजनों द्वारा पुलिसकर्मियों का आभार प्रकट किया गया।**

**कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में गुमशुदा बच्चों को सकुशल खोजकर उनके परिवारों को सुपुर्द करने के लिये चलाये जा रहे 'ऑपरेशन स्माइल' के क्रम में थाना मूसानगर पुलिस को आज दिनांक 28.09.2023 को कस्बा मूसानगर में एक बच्चा उम्र लगभग 11 वर्ष भटकता हुआ मिला था। बच्चे से पूछताछ पर उसका नाम प्रांशू पुत्र अखिलेश निवासी सुमेरपुर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर ज्ञात हुआ । उक्त सूचना पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्र0नि0 मूसानगर को बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में उ0नि0 शिवभूषण सिंह व का0 अनिल कुमार द्वारा बच्चे को जनपद हमीरपुर उसके घर ले जाकर बच्चे के पिता अखिलेश पुत्र बल्ला को परिवार की खुशियां लौटाते हुए सकुशल सुपुर्द किया गया। बच्चे के परिजनों द्वारा पुलिसकर्मियों के कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया गया।**